एम.आर.पी.-002

रेडियो प्रसारण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम
(PGDRP)
सत्रांत परीक्षा
जून, 2008

एम.आर.पी.-002 : रेडियो माध्यम

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

---

1. रेडियो के तकनीकी पक्ष का महत्त्व स्पष्ट करते हुए बताइए कि मीडियम वेव, शार्ट वेव और एफ.एम. प्रसारण के बीच क्या अंतर है और उनकी अलग-अलग विशेषताएँ क्या हैं ? *20*

अथवा

भारत जैसे विकासशील देश में रेडियो का एक जन-माध्यम के रूप में क्या महत्त्व है ? क्या भारत रेड़ियो की क्षमताओं का पूरा उपयोग कर पा रहा है ? चर्चा कीजिए ।

2. रेडियो लेखन में भाषा का क्या महत्त्व है ? रेडियो की भाषा कैसी होनी चाहिए ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । *20*

अथवा

रेडियो में ध्वनि प्रभाव से आप क्या समझते हैं ? ध्वनि प्रभाव के प्रयोजन की उदाहरण सहित चर्चा कीजिए ।

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दस मिनट (लगभग 1000 शब्द) की रेडियो वार्ता लिखिए : *20*

(क) 1857 की 150वीं वर्षगांठ

(ख) पोलियो उन्मूलन अभियान

(ग) विश्वकप क्रिकेट और भारत

(घ) साझी संस्कृति

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दस मिनट का रेडियो रूपक तैयार कीजिए और उसका उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए : *20*

(क) युवा मन और भविष्य के सपने

(ख) हिन्दी फ़िल्में

(ग) वैश्विक तापमान में वृद्धि

(घ) भारतीय रेल

5. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* पर टिप्पणियाँ लिखिए : *10x2=20*

(क) रेडियो नाटक और धारावाहिक

(ख) रेडियो संगीत कार्यक्रम

(ग) रेडियो कार्यक्रम निर्माण के प्रमुख चरण

(घ) रेडियो कम्पेयरिंग

(ङ) आकाशवाणी का सांगठनिक ढाँचा